डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.), ४७०००३
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Doctor Harisingh Gour Vishwavidyalaya, Sagar (MP), 470003
(A Central University)
www.dhsgsu.edu.in

क्र./परीक्षा/सीबीसीएस/33वॉं दीक्षांत समारोह/ 5266 13 दिसम्बर, 2024

## 33वॉं दीक्षांत समारोह की अधिसूचना

1. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.), का 33वॉं दीक्षांत समारोह फरवरी, 2025 में आयोजित किया जायेगा। विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सी.बी.सी.एस.)/राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में उत्तीर्ण समस्त नियमित स्नातक एवं स्नातकोत्तर अभ्यर्थी तथा 29 फरवरी, 2024 के उपरांत जिन अभ्यर्थियों ने **पीएच.डी., डी.एससी. या डी.लिट्. की उपाधि** अर्जित की हो, ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in अथवा dhsgsu.samarth.edu.in/convocation के द्वारा **दिनांक 21.12.2024 (प्रातः 10:00 बजे) से 20.01.2025 (रात्रि 11:59 बजे) तक** पंजीयन शुल्क रू 1000/–(एक हजार रूपये) का ऑनलाइन भुगतान कर दीक्षांत समारोह में उपाधि ग्रहण करने हेतु पंजीयन कराना होगा।

2. **निर्धारित ड्रेस कोडः** छात्र– सफेद कुर्ता और पायजामा छात्राऐं– सफेद सलवार और कुर्ता। इस ड्रेस की व्यवस्था उम्मीदवारों को स्वयं करनी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा एक उपर्णी (स्टोल) और बुंदेली सतरंगी–पगड़ी प्रदान की जाएगी।

3. *'अनुपस्थिति–में–उपाधि' (डिग्री–इन–एबसेंशिया)* को प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अप्रतिदेय शुल्क रू 600/– (छः सौ रूपये) का ऑनलाइन भुगतान कर पंजीयन करना होगा। उनकी उपाधि दीक्षांत समारोह के उपरांत उनके पते पर स्पीड–पोस्ट द्वारा प्रेषित की जायेगी।

4. दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये समारोह हेतु आयोजित पूर्वाभ्यास अनिवार्य होगा, जिसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दी जायेगी।

5. विस्तृत जानकारी हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in देखें या convocation2024@dhsgsu.edu.in पर अथवा दूरभाष क्र. 07582–297117 पर संपर्क करें।

13/12/202

परीक्षा नियंत्रक (प्र.)